निरीक्षण | कलेक्टर ने सिहोरा-मझौली के डबल लॉक केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

# धूप से बचने शेड व ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए





**नवभारत, जबलपुर।** खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे एवं जिला विपणन अधिकारी ने संयुक्त रूप से सिहोरा और मझोली स्थित रासायनिक उर्वरक डबल लॉक केंद्रों एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपसंचालक ने खाद एवं उर्वरक की जानकारी के विषय में कलेक्टर को अवगत कराया।

इस दौरान विक्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं की समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि तपती धूप और गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर किसानों के बैठने के लिए शेड और ठंडे पानी की पुख्ता व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

### जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है।

उन्होंने जानकारी देते बताया कि वर्तमान में कुल 37 हजार 778 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का स्टॉक गोदामों में सुरक्षित है। इनमें 20 हजार 684 मीट्रिक टन यूरिया, 9 हजार 268 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट, 4 हजार 684 मीट्रिक टन एनपीके, 2 हजार 250 मीट्रिक टन टीएसपी और 892 मीट्रिक टन पोटाश शामिल है।

### जबरन टैगिंग करने पर होगी कार्यवाही

उप संचालक कृषि ने शासन के कड़े निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि उर्वरक के साथ किसी भी अन्य उत्पाद (जैसे जिंक, टॉनिक या दवाई) को जबरदस्ती बेचना (टैगिंग करना) पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि जो भी बीज, खाद या कीटनाशक खरीदें, उसका पक्का बिल जरूर लें और निर्धारित सरकारी दर से अधिक राशि का भुगतान न करें। यदि कोई विक्रेता अधिक मूल्य की मांग करता है या जबरन दूसरा सामान थमाता है, तो तुरंत अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या अनुविभागीय कृषि अधिकारी को इसकी लिखित या मौखिक जानकारी दें, ताकि दोषी विक्रेताओं पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जा सके

# रुक्मणी ने लगाई भगवान श्रीकृष्ण के नाम की मेंहदी

गोसलपुर के समीप शिवदत कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का लाभ ले रहे श्रद्धालु



**सिहोरा, नवभारत।** गोसलपुर के समीप शिवदत कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर ग्राम व कालोनी की महिलाएं व पुरुष भावविभोर हो उठे श्रीकृष्ण रुकमणी के पात्रों का नागरिकों ने आरती उतारकर पूजन किया श्रीमद् भागवत पुराण कथा प्रवक्ता पं. विपिन दुबे ने व्यास गद्दी की आसन्दी से श्रीमद्भागवत पुराण मे भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला से शुरू कर कंसवध और रुक्मणी विवाह के प्रसंग की कथा सुनाया श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना

श्रद्धालुओं, महिला भक्तों ने विवाह के मंगल गीत गाए कथावाचक पं. विपिन दुबे ने प्रसंग में कहा की रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया रुक्मणी का बड़ा भाई रुकमणि और श्रीकृष्ण से शत्रुतावश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे की उनका मार्ग रुकमणि ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुकमणि को पराजित करके दंडित किया जिसके बाद श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया श्रीमद भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण रूक्मणी जी की मंगल आरती भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल हेमचंद असाटी धर्मेंद्र सिंह राजपूत नवल सिंह लटोरी साहू विश्वनाथ सिंह राणा बलराम पटेल, रमेश दुबे, भारत दुबे, डीडी तिवारी, लटोरे पटैल विजय चौरसिया, सीताराम पटैल, रितुराज दुबे, परसुराम दुबे, बिहारी लाल साहू, धमेन्द्र सिंह ठाकुर, शिवकुमार दुबे, रमेश ब्यास, शंकर लाल बर्मन, योगेन्द्र मिश्रा ने की।



# कटंगी में विभिन्न बिंदुओं को लेकर कांग्रेस की बैठक

**नवभारत, कटंगी।** आज सामुदायिक भवन कटंगी में विभिन्न बिंदुओं को लेकर कटंगी में कांग्रेस की एक अहम बैठक जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यविभाजन, मंडलम कमेटी गठन, मंडलम अध्यक्ष का पंचायत कमेटी में बैठकर सत्यापन, गांव-गांव बिक रही अवैध शराब, जुआं सट्टा एवं किसानों की समस्याओं को लेकर पंचायत स्तर, मंडलम स्तर, तहसीली स्तर पर एवं जिला स्तर पर मुख्यमंत्री पुतला दहन की रूपरेखा पर विस्तार से सभी से चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक के दौरान विधानसभा प्रभारी परम यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, ठा विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रभारी विजय यादव, प्रदीप पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष नेकनारायण सिंह, नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, जयंत जैन, आसिफ खान, फिरोज अहमद, लल्ली सोनी, महिला नेत्री मंडलम अध्यक्ष यासिर खान, मनीष चौरसिया, अजय पटेल, दारासिंह, कालीचरण यादव एवं कांग्रेसजन शामिल हुये ।

## विश्व जैव विविधता दिवस पर छात्राओं ने किया पक्षी दर्शन

**शहपुरा नवभारत 23 मई।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन समर कैंप के पांचवें दिवस पर विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर अंग्रेजी माध्यम बालिका छात्रावास एवं आश्रम शाला की छात्राओं के लिए विशेष बर्ड वाचिंग (पक्षी दर्शन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बाल्यकाल से ही जैव विविधता संरक्षण तथा सभी जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण का भाव विकसित करना था। समी ईको क्लब प्रभारी एवं अश्विनी साहू के निर्देशन में छात्राओं को स्थानीय कशहा नदी तट स्थित कुटी के आम बगीचे का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को नजदीक से देखा और उनकी मधुर चहचहाहट का आनन्द लिया। पक्षी दर्शन के दौरान इंडियन ग्रे होर्नबिल धनेश छात्राओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



# कटंगी नगर को मिला विकास का उपहार

दस करोड़ से होंगे अनेकों कार्य, सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

**नवभारत, कटंगी।** क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई द्वारा कटंगी नगर में 10 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया, साथ ही वार्ड नंबर 4 में बस स्टैंड विस्तारीकरण का भूमि पूजन किया गया, एवं नगरीय विकास अधोसंरचना के अंतर्गत वार्ड 15 देवगवा में बने सामुदायिक भवन (निषाद राज भवन) का लोकार्पण भी इस मौके पर किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अमिताप साहू, उपाध्यक्ष कमलेश ताम्रकार, समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती स्नेहा मिश्रा, उपयंत्री राहुल साहू एवं नगर परिषद स्टाफ, जनप्रतिनिधि सहित भूपेंद्र सिह, देवेंद्र यादव, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह , शिवकुमार साहू, उदय सिंह चंदेल, कमलेश साहू, अनिल पाठक, दिलीप कुकरेले, देवेन्द्र बर्मन, मनोज बर्मन आदि उपस्थिति रहे।

# भानपुर में एक दर्जन से अधिक बकरियां जिंदा जलीं

देर रात आग का तांडव, गौशाला और मकान जलकर खाक



**डिंडोरी/बजाग, नवभारत 23 मई।** जिले के बजाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भानपुर के घुर्री टोला में शुक्रवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक गौशाला और उससे सटे मकान में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा परिसर धू-धू कर जलने लगा। घटना में एक दर्जन से अधिक बकरियों के जिंदा जल जाने की खबर है, जिससे ग्रामीण परिवार को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रात के सन्नाटे में अचानक उठी आग की लपटों ने कुछ ही देर में गौशाला और मकान को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीण बाल्टी, ड्रम और पाइप के सहारे आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तेज लपटों और धुएं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

### फायर ब्रिगेड दो घंटे बाद मौके पर पहुंची

ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि फायर ब्रिगेड की टीम करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक आग ने गौशाला में बंधी बकरियों और घर में रखे घरेलू सामान को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, मगर तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

### गांव में मातम और दहशत का माहौल

घटना के बाद पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है। आग में बकरियों के जलने से प्रभावित परिवार की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है, वहीं आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## शिव नामदेव बने सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष



**नवभारत कटंगी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव की अनुशंसा पर कटंगी क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी ,जमीन से जुड़े नेता शिव नामदेव को सेवादल कांग्रेस का जबलपुर जिलाध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति की खबर से कटंगी नगर एवं ग्रामीण अंचल में नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

# उप जेल के जेलर पर लगे भ्रष्टाचार व यातना के आरोप

दशरथ उर्फ भूपेंद्र ठाकुर ने विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष से की शिकायत




**पाटन, नवभारत।** उप जेल पाटन में पदस्थ जेलर हेमेंद्र बागड़ी एवं आरक्षक रचना चौकसे पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमानत पर रिहा हुए कैदी दशरथ उर्फ भूपेंद्र ठाकुर के द्वारा तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश पाटन ओम प्रकाश रजक के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई।

शिकायत में प्रार्थी दशरथ ठाकुर ने उप जेल पाटन में भारी भ्रष्टाचार, कैदियों के साथ मारपीट एवं 5 हजार से लेकर 25 हजार प्रति माह अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए बताया कि विगत दिनों पैसों की मांग पूरा न होने पर जेलर हेमेंद्र बागड़ी एवं आरक्षक रचना चौकसे द्वारा तीन कैदियों सौरभ बर्मन पिता राजू बर्मन, रोहित पिता गोरेलाल एवं प्रहलाद पिता गजराज के साथ गंभीर मारपीट की गई थी।

कैदी दशरथ ठाकुर ने बताया कि सौरभ बर्मन को सिर पर गंभीर चोटें आने के बाद भी उसका इलाज नहीं करवाया गया, वहीं दूसरी शिकायत में जिला एवं सत्र न्यायालय पाटन में लंबित प्रकरण क्रमांक 05 / 2025 में आरोपी सौरभ बर्मन पिता राजू बर्मन निवासी ग्राम ग्वारी थाना चरगव की मां संतो पति राजू बर्मन ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की की पाटन जेल में पदस्थ जेलर उनसे पांच हजार प्रति माह आरोपी सौरभ से मारपीट न करने के लिए लेते थे। परंतु इस माह पैसे न देने पर जेलर द्वारा उनके पुत्र सौरभ बर्मन के साथ मारपीट की गई, जिससे उसे सर के ऊपरी भाग में गंभीर चोटें आई हैं, आवेदिका ने शिकायत में कहा कि उसे उसके पुत्र सौरभ से मिलने भी नहीं दिया जा रहा है, शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण पाटन के अध्यक्ष न्यायाधीश ओम प्रकाश रजक द्वारा पाटन उपजेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाई गई परिस्थितियों की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजने की जानकारी प्राप्त हुई है।

समारोह | बच्चों की प्रतिभा सम्मान के साथ हुआ समर कैंप का समापन

# पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में विभिन्न कौशलों का विकास जरूरी



**सिहोरा, नवभारत।** संजीवनी पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में गत 21 मई को समर कैंप समापन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सिहोरा की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री एवं नगरपालिका परिषद सिहोरा की अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रीता शुक्ला (पार्षद वार्ड क्रमांक 3), श्री दिलीप पटेल (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा) एवं श्री अरविन्द धुर्वे (सहायक संचालक शिक्षा, विकासखंड सिहोरा) शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। पवन पुत्र म्यूजिकल ग्रुप सिहोरा के संचालक आशीष यादव एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया।

उपप्राचार्य शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद समर कैंप में उनकी सक्रिय सहभागिता सराहनीय है। प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में विभिन्न कौशलों का विकास अत्यंत आवश्यक है, और समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों ने योग, खेलकूद, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी गतिविधियों में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है।

### बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समर कैंप जैसे आयोजन निरंतर होते रहने की आवश्यकता जताई। समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नोडल खेल शिक्षक अशोक राय, योग प्रशिक्षक सुधा उपाध्याय एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षक वर्षा साहू को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पवन पुत्र म्यूजिकल ग्रुप सिहोरा के संचालक आशीष यादव एवं उनकी टीम को भी विद्यालय के प्रति निरंतर सहयोग हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप सोनी ने किया, जबकि अमित जैन द्वारा आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। समापन समारोह ने बच्चों की प्रतिभा और उत्साह को नई ऊर्जा प्रदान की।

# गैस सिलेंडर लीकेज से भड़की आग, बड़ा हादसा टला



**शहपुरा नवभारत 23 मई।** शहपुरा थाना क्षेत्र के बिलगांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज होने से अचानक घर में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते घर का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। शनिवार सुबह करीब 9 बजे बिलगांव निवासी महिला अपने घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान गैस सिलेंडर के पाइप से गैस रिसाव होने लगा और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया।

### दमकल वाहन समय पर पहुंचता तो नुकसान कम होता

ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि समय पर दमकल पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था। गांव के लोगों ने बाल्टी और पानी के सहारे घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।